कार्यालय-प्राचार्य, शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
राजनांदगांव (छ.ग.)
Web site- www.digvijaycollege.com Email: principal@digvijaycollege.com ☎: & Fax 07744-296331
College Code : 1901

राजनांदगांव, दिनांक: 21/08/2026

# //अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति हेतु दस्तावेज//

1. **फोटों :–**

पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो जो 6 माह के भीतर की हो, पृष्ठभूमि सफेद, JPG/JPEG/PNG प्रारूप में, आकार–30 KB से 500 KB, फोटो में आवेदक का चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिये। किसी भी प्रकार का एडिट ना हो।

2. **आधार कार्ड :–**

अपलोड की गई आधार साफ्ट कॉपी मूल दस्तावेज की स्पष्ट एवं रंगीन स्कैन प्रति होनी चाहिये। आधार कार्ड में आवेदक का नाम, लिंग, जन्मतिथि तथा फोटो स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिये। JPG/JPEG/PNG/PDF प्रारूप में होना चाहिये । आकार–30 KB से 500 KB के बीच होने चाहिये।

3. **बैंक खाते की जानकारी :–**

A. **बैंक खाता विवरण :–** अपलोड किया गया पिछले 1 महिने का बैंक खाता विवरण मूल दस्तावेज की स्पष्ट, बिना किसी संपादन की गई स्कैन की गई साफ्ट कॉपी होना चाहिये। बैंक खाता विवरण में निम्नलिखित जानकारी स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिये।–खाताधारक का नाम, बैंक खाता संख्या, IFSC कोड और बैंक शाखा विवरण। बैंक खाता सक्रिय हो तथा बैंक खाता रूपये 10,000/–से अधिक की NEFT राशि प्राप्त करने में सक्षम हो। JPG/JPEG/PNG/PDF प्रारूप में, आकार–30 KB से 500 KB, के बीच होने चाहिये।

B. **पासबुक का फोटो :–** बैंक प्रमाण के रूप में अपलोड की गई साफ्ट कॉपी आवेदक की बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्पष्ट एवं संपादित प्रति होनी चाहिए। JPG/JPEG/PNG/PDF प्रारूप में, आकार–30 KB से 500 KB, के बीच होने चाहिये।

4. **कक्षा 10वीं एवं 12वीं की मार्कशीट यानि अंक तालिका :–**

अपलोड की गई साफ्ट कॉपी मूल दस्तावेज की स्पष्ट एवं रंगीन स्कैन प्रति होनी चाहिये। अंक तालिका (मार्कशीट) में निम्नलिखित सभी विवरण स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।–आवेदक का नाम, विद्यालय का नाम, शिक्षा का प्रकार, क्रमांक संख्या, अनुक्रमांक, उत्तीर्ण होने का वर्ष तथा संबंधित प्राधिकारी के हस्ताक्षर एवं मुहर। JPG/JPEG/PNG/PDF प्रारूप में होना चाहिये । आकार–30 KB से 500 KB के बीच होने चाहिये।

5. कॉलेज प्रवेश प्रमाण :–

A. **शिक्षण शुल्क रसीद :–** आवेदको को प्रवेश प्रमाण पत्र के रूप में निम्नलिखित में से दोनो या कम से कम एक दस्तावेज की स्कैन की हुई प्रति अपलोड करनी होगी–बोना फाईड प्रमाण पत्र या प्रवेश शिक्षण शुल्क रसीद। अपलोड की प्रवेश प्रमाण पत्र की साफ्ट कॉपी में निम्नलिखित जानकारी स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए–आवेदक का नाम, कॉलेज का नाम, प्रवेश से संबंधित विवरण, कोर्स का नाम, कोर्स प्रारंभ होने की तिथि, अध्ययन का वर्तमान वर्ष और कोर्स का प्रकार। JPG/JPEG/PNG/PDF प्रारूप में, आकार–30 KB से 500 KB. के बीच होने चाहिये।

B. **बोना फाईड प्रमाण पत्र :–** प्रवेश प्रमाण पत्र में निम्नलिखित विवरण स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होने चाहिए–आवेदक का नाम, कॉलेज का नाम, कोर्स का नाम, कोर्स प्रारंभ होने की तिथि, अध्ययन का वर्तमान वर्ष, कोर्स की अवधि और कोर्स का प्रकार।

<u>टीप :–</u> उपरोक्त सभी दस्तावेज अपलोड करते समय ध्यान दे कि सभी स्पष्ट और उपरोक्तानुसार हो अन्यथा फार्म निरस्त हो जायेगा। अधिक जानकारी के लिये दिशा–निर्देश का अवलोकन करें।

(डॉ. [illegible] गुप्ता)
प्राचार्य
शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय
राजनांदगॉव (छ.ग.)

Principal
Govt. Digvijay College
Rajnandgaon (C.G.)